मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 47 ■ शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड को मिला टिकट

# कोणार्क बैंक में लेन-देन बंद




- RBI ने लगाई रोक
- खाताधारकों में दहशत
- बैंक में दस हजार खाताधारक और जमाकर्ता

**उल्हासनगर.** शहर के कोणार्क बैंक शाखा से निकासी लेनदेन ठप होने से खाताधारकों में डर का माहौल है. बताया जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने कोणार्क बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है.

उल्हासनगर में कोणार्क बैंक की कुल 3 शाखाएँ हैं और मुख्य कार्यालय लिंक रोड पर है। बैंक में दस हजार खाताधारक और जमाकर्ता हैं। ऐसी चर्चा थी कि बैंक कई सालों से घाटे में जा रहा है. लेकिन इस संबंध में बैंक की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है? कोणार्क बैंक के निदेशक मंडल ने पिछले कुछ वर्षों से शेयरधारकों को लाभांश देना बंद कर दिया है क्योंकि बैंक वित्तीय घाटे में है। आरबीआई ने आंतरिक जांच शुरू करते हुए कोणार्क बैंक पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। महत्वपूर्ण रूप से पात्र जमाकर्ता अपनी पांच लाख तक की जमा राशि, बीमा दावा राशि केवल जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से प्राप्त करने के हकदार होंगे, साथ ही धारा 35 ए के तहत निर्देशों के रूप में कोणार्क बैंक पर प्रतिबंध भी लगाया जाएगा। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949. 23 अप्रैल 2024 को कारोबार बंद होने के बाद से, कोई भी बैंक रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना किसी भी ऋण का नवीनीकरण या कोई निवेश रिजर्व बैंक की मंजूरी से नहीं कर सकता है।

### बैंक व खाताधारकों की बढ़ीं मुश्किलें...

बैंक निधि उधार देना और नई जमा स्वीकार करना समेत कोई दायित्व स्वीकार नहीं करेंगे, साथ ही किसी संपत्ति की बिक्री, खरीद, स्थानांतरण या निपटान भी नहीं होगा। आरबीआई ने कोणार्क बैंक पर ऐसे कई लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे बैंक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि रिजर्व बैंक की इस कार्रवाई से परेशान खाताधारकों ने रिजर्व बैंक से एक मांग की है. खाताधारकों की मांग है कि हमारी जमा राशि और खाते की शेष राशि का तुरंत भुगतान किया जाए.

# कालानी देंगे शिंदे को धोखा -भाजपा

कालानी की दोस्ती से शिंदे के मित्रपक्ष नाराज

कालानी ने मोदी के विरुद्ध की बयानबाजी

## भाजपा, शिवसेना, राकांपा व आरपीआई के संयुक्त उम्मीदवार हैं श्रीकांत शिंदे





- भाजपा ने सांसद को कालानी से सावधान रहने की अपील
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने टीओके को बताया अपराधियों का गुट

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में इन दिनों लोकसभा चुनाव का माहौल है और इस गर्मी के मौसम में चुनावी सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं. भाजपा, शिवसेना, राकांपा व आरपीआय के संयुक्त उम्मीदवार सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा कालानी से दोस्ती का गठबंधन करने पर शिवसेना के मित्रपक्ष नाराज हो गए हैं। क्योंकि कालानी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध बयानबाजी की गई है. दो दिनों पूर्व जवाहर होटल में शिंदे की अगुवाई में एनडीए में शामिल मित्रपक्ष के नेताओं की बैठक में शामिल टीओके का विरोध भाजपा, राकांपा व आरपीआय ने किया।

**शिंदे की अगुवाई में एनडीए की बैठक में शामिल टीओके का भाजपा-राकांपा ने किया विरोध**

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि टीम ओमी कालानी द्वारा जो हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी की गई है उसका हम निषेध करते हैं और टीओके द्वारा यह कहा गया है कि उनके पार्टी में कोई अपराधी नहीं है यह हास्यास्पद बात है क्योंकि उनके सभी नेता व कार्यकर्ता जेल की हवा खा चुके हैं। ऐसे में भाजपा द्वारा सांसद श्रीकांत शिंदे को कालानी से सावधान रहने की अपील करता है।



- चुनाव में राजनीतिक मजबूरी के चलते शिंदे की कालानी से दोस्ती-भाजपा

भाजपा ने शिंदे की कालानी से दोस्ती राजनीति मजबूरी बताई गई है। अब चुनाव प्रचार के दौरान शिंदे की कालानी से दोस्ती के कारण मित्र पक्ष की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में और कितना विरोध और ड्रामा होगा यह तो समय ही बताएगा।

### भाजपा में रहकर भाजपा से की गद्दारी



कालानी ने हमेशा से ही धोखे के कार्य किए हैं। भाजपा में रहकर उन्होंने भाजपा के साथ गद्दारी की, राकांपा से जुड़े होने के बावजूद विरोधी पक्ष के साथ धोखे किए। अपने कार्यकर्ताओं के साथ धोखे किए। सत्ता व कुर्सी की लालच में कालानी ने हमेशा से ही अनगिनत धोखे किए हैं। अब सांसद को भी चुनाव में दोस्ती का हाथ बढ़ाकर धोखा देने की तैयारी है जो चुनाव बाद उनको देखने को मिलेगी। अपने स्वार्थ के लिए कालानी किसी को भी धोखा दे सकते हैं.

-प्रदीप रामचंदानी , भाजपा जिलाध्यक्ष

### गंगोत्री ने भी टीओके को बताया समाज विरोधी



राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री द्वारा भी टीम ओमी कालानी पर निशाना साधते हुए कहा गया है कि कालानी सिंधी विरोधी पक्ष है उन्होंने और उनके गुंडों ने हमेशा से ही सिंधी विरोधी कार्य किए है। जब जितेंद्र आव्हाड मंच पर सिंधी समाज को गालियां दे रहे थे तो यह लोग तालियां बजा रहे थे। इतना ही नहीं सिंधी व्यापारियों से कालानी के प्रवक्ता वसूली करते हैं और उन्हें डराते धमकाते हैं। आज उनके पास किसी भी पक्ष का सहारा न होने का कारण यही है कि कोई भी इनपर भरोसा नहीं कर सकता ना ही जनता और ना ही राजनीतिक पक्ष। यह सबके पास जाकर अपनी रोटियां सेक रहे हैं।

# उल्हासनगर मनपा और यातायात पुलिस की संयुक्त प्री-मानसून तैयारी बैठक

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका क्षेत्र में यातायात समस्या और मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर बुधवार 24 अप्रैल को मनपा स्थायी समिति सभागृह में यातायात पुलिस और मनपा की संयुक्त बैठक संपन्न हुई.



बैठक में मनपा आयुक्त अजीज शेख, ठाणे ट्रैफिक पुलिस के डिप्टी कमिश्नर डॉ. विनय राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त जमोर लेंगरेकर, सहायक पुलिस आयुक्त विजय पवार, एमएमआरडीए, अधीक्षण अभियंता कोरगांवकर, उपायुक्त किशोर गावस और सुभाष जाधव, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, अविनाश भामरे और सुधाकर खोत, वार्ड अधिकारी गणेश शिंपी, मनीष हिवरे, अनिल खतुरानी और दत्तात्रय जाधव, जल आपूर्ति कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बडगे, बिजली विभाग कार्यकारी अभियंता हनुमंत खरात, निर्माण उप अभियंता तरूण सेवकानी, परिवहन विभाग प्रमुख विनोद केन, गोदाम विभाग प्रमुख अंकुश कदम, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले आदि उपस्थित थे।

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने उपायुक्त डॉ. विनय राठौड़ का स्वागत किया. अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने बैठक का परिचय देते हुए पिछली बैठक के निर्देशों एवं क्रियान्वयन की संक्षिप्त जानकारी दी।

इस बैठक में उल्हासनगर शहर के महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर समन्वय बनाकर संयुक्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया. मानसून से पहले शहर में गड्ढों को भरना, प्रमुख सड़कों के चल रहे काम को पूरा करना और सड़क को यातायात के लिए चालू करना, वार्ड क्षेत्र में खुले सीवेज चैंबर को कवर लगाए जाएंगे, अनाधिकृत रिक्शा और अनाधिकृत रिक्शा स्टैंडों का सर्वेक्षण किया जाएगा, सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए संयुक्त कार्रवाई की जाएगी. शहर की सड़कों पर अनाधिकृत रूप से भारी वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, परिवहन सेवाओं में बाधा डालने वाले वाहनों और व्यक्तियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की जाएगी, यातायात विनियमन के लिए सड़कों पर विशेष रंग की पट्टियां लगाई जाएंगी. ऑड और ईवन पर पार्किंग के संबंध में नागरिकों के बीच अनुशासन बनाने के लिए नियमित कार्रवाई की जाएगी।

# शराब के लिए पैसे देने से इनकार करने पर युवक की पिटाई

**कल्याण.** कोलसेवाड़ी थाना क्षेत्र के गैस कंपनी परिसर में एक 27 वर्षीय युवक की बुरी तरह पिटाई किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। पीड़ित युवक का कुसूर सिर्फ इतना ही था कि उसने शराब पीने के लिए आरोपियों को पैसे देने से इनकार कर दिया। इस घटना में जखमी युवक उमेश शर्मा की शिकायत पर कोलसेवाडी पुलिस थाने में सत्यम दुबे और उसके अन्य दो साथीदारों पर मामला दर्जा किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उमेश शर्मा 100 फिट रोड से होते हुए चिंचपाडा की दिशा में जा रहा था। रास्ते मे उसकी मुलाकात सत्यम दुबे से हुई। कुछ देर बात करने के बाद सत्यम ने शराब पीने के लिए उमेश से पैसे मांगे, लेकिन उमेश ने पैसे देने से इन्कार कर दिया। इतनी सी बात से नाराज होकर सत्यम और उसके दोनो दोस्तों ने मिलकर उमेश की खूब पिटाई की। आरोपियों ने पत्थर से सिर पर प्रहार किया और लाठी-डंडे से मार-मार कर उमेश को घायल कर दिया। फिलहाल कोलसेवाड़ी पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

# आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू




### डोंबिवली में होगा नामांकन

24 कल्याण लोकसभा मतदार निर्वाचन क्षेत्र के लिए उम्मीदवार अपने नामांकन सावलाराम म्हात्रे क्रीडा संकुल, जलतरण तालाब के पास, डोंबिवली पूर्व, ता. कल्याण स्थित कार्यालय में दाखिल कर सकेंगे.

**कल्याण.** राज्य में पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव 20 मई 2024 को होंगे. अपर कलेक्टर मनीषा जायभाये ने बताया कि इसके लिए नामांकन आवेदन आज 26 अप्रैल से शुरू होंगे और जिला प्रशासन इसके लिए तैयार है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी. साथ ही नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 3 मई 2024 है और नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जाएगी. उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 06 मई 2024 है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन निर्णय पदाधिकारी अशोक शिंगारे ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 16 मार्च 2024 से चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक (06 जून 2024 तक) प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है.

चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करते समय, वाहनों के बेड़े में तीन से अधिक वाहन नहीं होने चाहिए। साथ ही, जब उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे तो चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के हॉल में पांच से अधिक व्यक्तियों को अनुमति नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी शिंगारे द्वारा लागू किया गया।

# प्रदीप रामचंदानी के आरोप बेबुनियाद -पंकज तिलोकानी

**उल्हासनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने युवा टीओके नेता पंकज तिलोकानी पर आरोप लगाया है कि वो गैंगस्टर सुरेश पुजारी का टीपर है। इसके जवाब में टीओके नेता पंकज तिलोकानी ने कहा कि रामचंदानी के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है




मुझे पुलिस से इस मामले में पूरी तरह से क्लिनचिट मिल चुकी है। इस मामले में मुझे फंसाने का काम किया गया था जिसमें पुलिस ने जांच की पूरी तसल्ली कर मुझे क्लिनचिट दे दी है। श्री तिलोकानी ने भी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी पर भी कई संगीन आरोप लगाए हैं।

# उलन चाल की दो दुकानों पर FDA का छापा

- भारी मात्रा में गुटखा बरामद
- दोनों दुकानें सील
- 2 पर अपराध दर्ज

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के उलन चाल में एफडीए ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो दुकानों से बड़े पैमाने पर गुटखा बरामद करके दोनों दुकानों को सील कर दिया है. दो दुकानदारों पर अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इन दोनों दुकानों में गत कई महिने से गुटखा बेचा जा रहा था. केजीएन दुकानदार को इससे पूर्व 6 महिने पूर्व गिरफ्तार करके कार्रवाई की गई थी. उनको पुलिस कस्टडी में भी रखा गया था. उसी दुकानदार ने कुछ दिनों बाद फिर से वही गैरकानूनी हरकत करके गुटखा बेचना शुरू कर दिया था. ये दुकान अंबिका मंदिर के समक्ष है. रात के 12 से 1 बजे तक इस दुकान में गुटखा बेचा जाता था. रात में यहां पर कुछ गुटखा प्रेमी युवक एकत्रित होकर लड़कियों को छेड़ते भी थे. मनसे के रितेश ने इस संबंध में पुलिस उपायुक्त और अंबरनाथ पुलिस में लिखित शिकायत भी की थी. आखिर सोमवार रात में एफडीए ने कार्रवाई करके दुकान को सील कर दिया है. दूसरी दुकान भी अंबिका मंदिर से चार कदम का दूरी पर है. इस दुकान में भी एफडीए को भारी मात्रा में गुटखा मिला है. एफडीए ने अंबरनाथ पुलिस में दोनों दुकानदार पर कार्रवाई करके उन्हें पकड़ा है. यहां के निवासियों ने दोनों दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए दोनों दुकानों का सील जल्द ना खोलने की मांग की है.






# मुख्याधिकारी ने की रास्ते की स्वच्छता

- अंबरनाथ नपा के अधिकारियों ने भी लिया भाग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के मुख्याधिकारी, प्रशासक डॉ. प्रशांत रसाल ने बुधवार को अपने हाथ में झाड़ू एवं स्वचालित सफाई यंत्र लेकर शहर पूर्व में डेढ़ घंटे तक स्वच्छता के कार्य को अंजाम दिया. अंबरनाथ नगर परिषद के लगभग सभी अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया. शहर पूर्व में हुतात्मा चौक से लेकर पाटिल पेट्रोल पंप तक स्वच्छता की गई. मुख्याधिकारी रसाल ने स्वतः स्वच्छता करके शहरवासियों से अपील की है कि वह अपने शहर को स्वच्छ रखें. अंबरनाथ में लगभग सभी रास्ते कांक्रीट के बन गए हैं. इन रास्तों पर धूल को यंत्र में एकत्रित करने के लिए नपा द्वारा लिए गए दो यंत्र द्वारा मुख्याधिकारी ने सड़क पर चलाकर मिट्टी को यंत्र में एकत्रित किया. उन्होंने बताया कि शहर पूर्व और पश्चिम रास्ते की मिट्टी उठाकर ले जाने के लिए 10 यंत्र लिए गए हैं. अभी दो यंत्र प्रायोगिक तत्व पर पालिका के पास हैं. कुछ महिने बाद शेष यंत्र पालिका लेने पर विचार कर रही है. इस स्वच्छता अभियान में लोकनगरी बायपास सड़क को भी स्वच्छ किया गया. मुख्याधिकारी के साथ अति. मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर, स्वास्थ्य अधिकारी नेहा वंजारी, विवेक गौतम, अमोल मानकर, किरण तांबरे, नरेंद्र संख्ये, राजेश तडवी, सचिन गायकवाड़, नरेंद्र नेर, गायत्री बि-हाडे आदि अधिकारी उपस्थित थे.



# अंबरनाथ में उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन संपन्न



- सांसद श्रीकांत शिंदे ने मार्गदर्शन किया

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में उत्तर भारतीय समाज के लिए उत्तर भारतीय भवन का निर्माण किया जाएगा. ऐसी घोषणा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व किया था. अंबरनाथ उत्तर भारतीय विभाग शिवसेना अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे ने बुवापाड़ा में बुधवार को हुए उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन में उपस्थित सांसद श्रीकांत शिंदे के समक्ष उपस्थित सैकड़ों उत्तर भारतीयों के समक्ष भवन निर्माण की बात बताने पर तालियों से पूरा हाल गूंज उठा. स्नेह सम्मेलन का आयोजन बाबाजी मैरेज हॉल बुवापाड़ा में किया गया था. चौबे ने कहा कि उत्तर भारतीय समाज को एकता अखंडता, संस्कृति एवं धर्म को मजबूत गठबंधन में बांधने हेतु स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें सांसद श्रीकांत शिंदे ने उपस्थितों से संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 20 मई को मतदान करने के बाद ही उत्तर भारतीय अपने वतन को जाएं और मतदान के प्रतिशत को और बढ़ाएं. सम्मेलन में विधायक बालाजी किणीकर, भाजपा प्रदेश सचिव गुलाब करंजुले, सुनिल चौधरी, सुभाष सालुंखे, अभिजीत करंजुले आदि उपस्थित थे. आभार भाजपा शहर महासचिव सूर्यकांत त्रिपाठी ने किया. रात में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. राज बुंदेली योगेश मिश्रा और प्रख्यात कवयित्री राना तबस्सुम ने अपने कलाम को पेश कर उपस्थितों को दिल जीत लिया.

# कल्याण लोकसभा क्षेत्र में महाविकास आघाड़ी में दरार

- कल्याण में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नाराज़गी
- दरेकर अकेले कर रहीं प्रचार

**कल्याण.** लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में राजनीति का पारा हाइ है। बात की जाए कल्याण लोकसभा सीट की तो मौजूदा सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे मुख्यमंत्री के बेटे हैं इसलिए पूरे महाराष्ट्र की नजरें इस सीट पर बनी हुई है। वहीं महाविकास आघाड़ी की तरफ से उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली शिवसेना ने वैशाली दरेकर-राणे को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन महाविकास आघाड़ी में समन्वय की कमी झलक रही है। उसका कारण है कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नाराज़गी। कांग्रेस का आरोप है कि वैशाली दरेकर कांग्रेस पदाधिकारियों को नज़र अंदाज कर चुनाव प्रचार कर रही है।

कांग्रेस पदाधिकारियों का आरोप है कि दरेकर कांग्रेस कार्यकर्ता पार्षद के वार्ड में प्रचार करती हैं, लेकिन कांग्रेस पदाधिकारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी जाती है. कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि एक बैठक के बाद जल्द ही वरिष्ठों को इस बारे में सूचित किया जाएगा, जिसके बाद अगला कदम तय किया जाएगा. इसलिए ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कल्याण लोकसभा क्षेत्र में महाविकास आघाड़ी विफल हो गई है.



लोकसभा की लड़ाई में सभी दलों के उम्मीदवारों ने ताल ठोक रखी है, वहीं कल्याण लोकसभा क्षेत्र पर पूरे राज्य की नजर है. इस जगह पर महायुति की ओर से सांसद श्रीकांत शिंदे का चुनाव प्रचार चल रहा है. महाविकास अघाड़ी में ठाकरे गुट से वैशाली दरेकर को उम्मीदवार बनाया गया है. वैशाली दरेकर के प्रचार पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई है. श्रीकांत शिंदे महागठबंधन में शामिल शिवसेना, राष्ट्रवादी और बीजेपी समेत कई लोगों से मिल रहे हैं. इतना ही नहीं शिंदे ने डोंबिवली में कांग्रेस पार्टी के तीन नगरसेवकों से मुलाकात की. इसने कई लोगों की भौंहें भी चढ़ा दीं. ऐसी बैठकें लेकर शिंदे ने महाविकास अघाड़ी के तंबू में दहशत फैलाने की कोशिश की है.

इस विषय में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सचिन पोटे बात करने से बचते रहें, लेकिन उनके समर्थक व कांग्रेस के कल्याण पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील खान एवं जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी का कहना है कि एक तरफ शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी नगरसेवकों के घर जाकर उनसे मुलाकात कर रहे हैं और सहयोग की अपील कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ उद्धव गुट की प्रत्याशी वैशाली दरेकर अपने ही सहयोगी दलों के पदाधिकारियों को नजरअंदाज कर रही है।

शकील खान ने कहा कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सचिन पोटे जिस वार्ड से नगरसेवक थे उस इलाके में हनुमान जयंती को लेकर कार्यक्रम चल रहा था। उद्धव गुट की प्रत्याशी वैशाली दरेकर बिना कोई पूर्व कल्पना के इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुई और चुनाव प्रचार करने लगी। खान ने आगे कहा कि वैशाली दरेकर कांग्रेस पदाधिकारियों को अनदेखा कर रही है। इस विषय में महाविकास आघाड़ी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने की बात शकील खान ने कही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नाराज़गी दूर करने में वरिष्ठ नेताओं को सफलता मिलेगी या नहीं यह देखना दिलचस्प होगा।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### स्वास्थ्य सुविधाओं की नाकाम कोशिश

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर, विस्तृत और व्यावहारिक बनाने की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद हकीकत यही है कि बहुत सारे लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। सामान्य बीमारियों में भी चिकित्सक इतनी तरह की जांच और दवाएं लिख देते हैं कि उसका खर्च उठाना सामान्य लोगों के लिए कठिन होता है। जेनेरिक दवाओं की अनिवार्यता और जनऔषधि केंद्र खुलने के बाद भी अनेक दवाओं की कीमतें बहुत सारे लोगों की क्षमता से बाहर हैं। इसे लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे रेखांकित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए को फटकार लगाई है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आइएमए से मरीजों को दी जाने वाली महंगी और गैरजरूरी दवाओं तथा अनैतिक कृत्यों पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। दरअसल, आइएमए ने ही पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने पर मुकदमा दायर किया था। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार को आइएमए कितनी गंभीरता से लेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, हमारे यहां चिकित्सा व्यवस्था में मनमानी की परत-दर-परत चढ़ती गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लचर होने की वजह से निजी चिकित्सा व्यवस्था लगातार मजबूत होती गई और अब वह एक प्रकार के बड़े दबाव समूह के रूप में काम करने लगी है। उसमें दवा बनाने और जांच करने वाली कंपनियों का भी गठजोड़ है। आइएमए से अपेक्षा की जाती है कि वह चिकित्सा जगत में चल रही अनियमितताओं पर नजर रखे और उन्हें दूर करने का प्रयास करे, मगर वह खुद इनके लिए एक प्रकार का सुरक्षा कवच तैयार करता नजर आता है। नहीं तो, क्या वजह है कि अनावश्यक दवाएं, जांच लिखी और बेवजह मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रखा जाए। अनेक निजी अस्पतालों में इलाज पर आए खर्च को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आखिर चिकित्सा व्यवस्था को इतनी महंगी और आम जन की पहुंच से दूर क्यों होना चाहिए। अगर सचमुच आइएमए को लोगों की सेहत और सही चिकित्सा की परवाह है, तो उसे आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे इलाज की चिंता क्यों नहीं होनी चाहिए।

# आस-पड़ोस : बलूचियों पर पाकिस्तानी हुकूमत के जुल्म

पाकिस्तान में जहां एक तरफ लोग ईद मना रहे थे, वहीं बलूच समुदाय के लोग सड़कों पर पाकिस्तानी सरकार व सेना के अत्याचारों के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन कर रहे थे। उनका विरोध पाकिस्तान से आजादी पाने और लापता बलूचियों की तलाश की मांग को लेकर था। दरअसल इन लोगों को पाकिस्तानी सेना ने गायब करवाया था और आज तक पता नहीं चल सका है कि वे जिंदा हैं, या नहीं। मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन होने के कारण दुनिया भर में इसकी निंदा हो रही है।


विभाजन के समय बलूचिस्तान पाकिस्तान में शामिल नहीं होना चाहता था, लेकिन पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में उसे शामिल होना पड़ा। उस समय बलूच नेता कलात खान के संरक्षण में आजादी हासिल करने के लिए आंदोलन जारी था, जो बाद में और तेज हो गया। इसलिए बलूच राष्ट्रवादियों को पाकिस्तानी सरकार व सेना विद्रोही कहती है। उनकी नाराजगी पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा ढाए जा रहे जुल्मों के कारण लगातार बढ़ती जा रही है। माना जा रहा है कि जब तक सेना और आईएसआई बलूचिस्तान पर अत्याचार बंद नहीं करती, उनमें पाकिस्तान से अलग होने की भावना खत्म नहीं होगी। अब तो उनकी आजादी की मांग अमेरिका और अन्य देशों तक पहुंच गई है। सरकार के अत्याचार से तंग आकर सैकड़ों बलूची पलायन करके विदेशों में बस गए हैं। वे रोज प्रदर्शन करके विश्व समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर हस्तक्षेप करने की उम्मीद कर रहे हैं। इमरान खान की सरकार के समय से बलूचिस्तान के हालात और ज्यादा खराब हुए हैं। अब फौज के समर्थन से बनी गठबंधन सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। वह बलूचियों पर अत्याचार कर रही है।



बलूचियों के लापता होने के पीछे खुफिया एजेंसी का हाथ बताया जा रहा है। जो लोग लापता बलूचियों की तलाश करने की मांग करते हैं, उनकी हत्या कर दी जाती है। लगभग 25,000 से अधिक बलूचियों का अपहरण हुआ है और उनमें से ढाई हजार से अधिक लोगों के गोलियों से छलनी व अत्याचारों के प्रमाण देने वाले शव बरामद हुए हैं। अब बाकियों की तलाश की मांग जारी है। ईद के अवसर पर हुए प्रदर्शन में सैकड़ों महिलाएं और बच्चे अपने लापता परिजनों की तस्वीरें लेकर शामिल हुए थे। मगर मौजूदा पाक सरकार व सेना उनकी कोई मदद नहीं कर रही है, बल्कि अब भी बलूचियों को जबरन गायब करने का सिलसिला जारी है। क्षेत्रफल के हिसाब से बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है। यहां करीब एक करोड़ लोगों की आबादी है। प्राकृतिक संसाधनों के लिहाज से यह बाकी पाकिस्तान से ज्यादा समृद्ध है। पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों पर केंद्र और दूसरे प्रांतों का अधिकार कायम है, जबकि संसाधनों पर केवल बलूचियों को अधिकार मिलना चाहिए था। इस प्रांत में जो गैस पैदा की जाती है, उसकी आपूर्ति सारे पाकिस्तान में होती है और बलूचिस्तान को बहुत कम रॉयल्टी मिलती है। बलूची लोग चाहते हैं कि वहां से फ्रंटियर कोर की वापसी हो और उन पर लगाए गए मुकदमे वापस लिए जाएं।

बलूचियों को इस बात का भी मलाल है कि ग्वादर बंदरगाह पर उन्हें काम देने के बजाय चीनियों को काम दे दिया गया है। जबकि बंदरगाह के निर्माण के समय उनसे वादा किया गया था कि बलूचियों को काम दिया जाएगा। चीन आर्थिक गलियारों को ग्वादर बंदरगाह से जोड़कर इस क्षेत्र को अपनी कॉलोनी बनाना चाहता है। हाल ही में पांच चीनी इंजीनियरों की हत्या हुई और उसके लिए बलूचियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इन इंजीनियरों की हत्या के संदर्भ में पाकिस्तान चीन के आगे बेबस है।

पाकिस्तान भारत पर अक्सर आरोप लगाता रहता है कि भारत बलूचियों को भड़काता है। लेकिन यह पाकिस्तान का बहुत बड़ा झूठा है। भारत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं, जब विदेश में रह रहे बलूचियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी, ताकि पाकिस्तान से उन्हें छुटकारा मिल सके। जिस तरह पाकिस्तान कश्मीर का मसला अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहता है, भारत को भी बलूचियों पर ढाए जा रहे जुल्मों के मसले को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना चाहिए।




सच्ची निष्काम सेवा, प्रेम की ही अभिव्यक्ति है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# विभिन्न क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने की आशंका

जलवायु परिवर्तन का असर अब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर आने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है। यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा।

अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया। इस तरह बहुत सारा अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाएगा। यह अब जैसे हर वर्ष का सिलसिला हो गया है। बेमौसम बारिश हजारों टन अनाज बर्बाद कर डालती है।

खुदरा महंगाई में सबसे अधिक चिंता खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों को लेकर है। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले अनाज और सब्जियों की कीमतें सामान्य आयवर्ग की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसकी एक वजह ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी भी है, जिससे ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है। अभी जिस तरह की वैश्विक स्थितियां हैं उसमें आपूर्ति शृंखला गड़बड़ होने से कच्चे तेल की कीमतें अनिश्चित बनी हुई हैं।

इससे भी रिजर्व बैंक की महंगाई को लेकर चिंता बनी हुई है। पहले रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते दुनिया भर में मुश्किलें पैदा हुई थीं, अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में ईरान के कूद पड़ने और उस पर अमेरिका की सख्त व्यापारिक पाबंदियों से संकट और गहरा हो गया है। भारत चूंकि कच्चे तेल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है, ऐसी स्थिति में उसे तेल की कीमतें नीचे ला पाना कठिन होगा।



मगर मौसम की मार से पार पाने का कोई रास्ता किसी के पास नजर नहीं आता। सर्दी, गर्मी, बरसात की अवधि असंतुलित हो गई है। एक ही वक्त में कहीं तेज बारिश और बाढ़ की वजह से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कहीं सूखे की वजह से। सर्दी की अवधि सिकुड़ने के चलते खासकर गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। गर्मी का मौसम जल्दी शुरू हो जाने से गेहूं का उत्पादन कम हो रहा है।

हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है। अभी तक का आकलन है कि मौसम का मिजाज गड़बड़ होने से सकल घरेलू उत्पाद में करीब डेढ़ फीसद तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जैसी कि जलवायु परिवर्तन की वजह से विभिन्न क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंकाएं जताई जा रही हैं, कृषि क्षेत्र उनमें सबसे अधिक प्रभावित होगा। ऐसे में महंगाई पर काबू पाना रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बेरोजगारी बढ़ने और प्रतिव्यक्ति आय कम होने से महंगाई की मार ज्यादा गहरी पड़ रही है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक को वैकल्पिक व्यवस्था बनानी पड़ेगी।

# ये है करोड़पति पानवाला, सोने से लदकर बेचता है पान

**जरा हट के**

आपने अक्सर सड़क के किनारे पान की गुमटियां देखी होंगी. कई लोग पान के शौकीनों को पान खिलाकर अपना घर चलाते हैं. दस रुपये का पान बेच कई लोगों का गुजारा मुश्किल से होता है. लेकिन राजस्थान में एक शख्स इस पान की वजह से करोड़पति बन गया. इस शख्स की पान की गुमटी की चर्चा हर कोई करता है. दरअसल, लोग अगर इस शख्स के पास पान खाने नहीं आना चाहते, तो सिर्फ उसे देखने के लिए गुमटी तक खींचे आते हैं. ये पानवाला दो करोड़ का सोना पहनकर पान बेचता है. जी हां, शख्स को सोने के कई हार, कंगन और कान में कई कुण्डल पहनकर पान बेचते देखा जाता है. शख्स का खुद कहना है कि वो दो किलो से ऊपर के सोने के गहने पहनता है. इतने गहने पहनकर शख्स अपनी गुमटी खोलता है और फिर लोगों को पान खिलाना शुरू कर देता है. पानवाले को देखने के लिए उसकी गुमटी पर लोगों की भीड़ लगी रहती है.



### मशहूर है यहां के पान

हम बात कर रहे हैं राजस्थान के बीकानेर के सट्टा बाजार में स्थित मूलसा फूलसा पान वाले की. ये दुकान करीब 93 साल पुरानी है. पहले इसे मूलचंद और फूलचंद नाम के भाई चलाते थे. लेकिन अब इसे फूलचंद मूलचंद के बेटे के साथ चलाता है. इस दुकान के पान खाने वालों में भारत के पूर्व राष्ट्रपति भी शमिल हैं. यहां पान की कई वेरायटी मिलती है. इसे खाने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. पान की कीमत भी पंद्रह से बीस रुपये के बीच है, जो इसे काफी किफायती बनाती है.

फूलचंद को दुकान पर गहनों से लदकर पान लगाते देखा जाता है. फूलचंद के मुताबिक़, वो करीब दो किलो सोना पहनता है. इसमें कान की कई बालियां, हाथ में कई तरह के कंगन और गले में सोने की कई चेन शामिल है. उसकी अँगुलियों में भी कई अंगूठी नजर आती है. सोने की कीमत जिस तरह बढ़ रही है, इस हालत में गहनों की कीमत दो करोड़ से ऊपर की बताई जा रही है. लेकिन इन गहनों को पहनकर भी मूलचंद पान ही बेचना पसंद करते हैं.

**खाना-खजाना**

# कद्दू की खीर

खीर खाना भला किसी पसंद नहीं होता है। बच्चों से लेकर बड़े तक सभी इसका शौक रखते हैं, ऐसे में अगर आप भी सिंपल या एक जैसी खीर खाकर बोर हो चुके हैं, तो आज की ये रेसिपी आप ही के लिए है। यहां हम आपको कद्दू की पौष्टिक और स्वादिष्ट खीर बनाने की सबसे आसान रेसिपी बताएंगे।

**सामग्री :**

- पका हुआ कद्दू- 500 ग्राम
- फुल क्रीम दूध- 2 लीटर
- चीनी- 100 ग्राम
- घी- 1/2 टी स्पून
- मिल्क पाउडर- 2 टेबल स्पून
- बारीक कटा मेवा- 1 छोटी कटोरी

**विधि :**

कद्दू की खीर बनाने के लिए सबसे कद्दू को छीलकर ग्रेट कर लें। इसके बाद एक तरफ दूध को उबालकर आधा कर लें। फिर



कढ़ाई में घी गर्म करने के लिए रख दें। इसमें ग्रेट किया हुआ कद्दू डालें और मीडियम आंच पर भून लें। इसके बाद इसमें मेवा और चीनी भी डाल दें। इसके बाद इसे अच्छे से चलाते हुए पका लें। बस तैयार है कद्दू की स्वादिष्ट खीर। गर्मागर्म पूरी या पराठे के साथ इसका लुत्फ उठाएं।

# पैक्ड चिप्स-आइसक्रीम खाते हैं तो हो जाइए सावधान


### समय से पहले मृत्यु का बढ़ा रहे हैं खतरा

अध्ययनों में बार-बार चेतावनी दी जाती रही है अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड सेहत को कई प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे मोटापे से लेकर ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा हो सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि नियमित रूप से इन चीजों के सेवन से न सिर्फ हृदय रोग-कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही ये समय से पहले मृत्यु के जोखिमों को भी बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

बीएमजे जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया अल्ट्रा प्रोसेस्ड फू* के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर लोगों को सावधान किया है। 45 अध्ययनों में शामिल एक करोड़ से अधिक लोगों पर किए गए शोध में वैज्ञानिकों ने इससे होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर अलर्ट किया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाने या पीने की चीजों के कारण लोगों में कैंसर और मानसिक रोग, श्वसन और हृदय संबंधी विकारों, गैस्ट्रो और मेटाबॉलिज्म स्वास्थ्य की समस्याएं अधिक देखी जा रही हैं, जो समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ा रही हैं। लगभग सभी उम्र के लोगों में इस प्रकार के आहार के कारण होने वाली समस्याएं देखी गई हैं।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड क्या हैं?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फू* के कारण होने वाली समस्याओं को जानने से पहले ये जान लेना आवश्य है कि किस तरह के खाद्य पदार्थों को अल्ट्रा-प्रोसेस्ड की श्रेणी में रखा जाता है? अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड औद्योगिक रूप से तैयार खाद्य पदार्थ होते है जिन्हें प्राकृतिक भोजन से तो प्राप्त किया जाता है पर इनको लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने, स्वाद को बढ़ाने के लिए कुछ प्रकार के प्रिजर्वेटिव्स, रसायन और रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। इन खाद्य-पेय पदार्थों में ऐडेड शुगर और सोडियम की मात्रा भी अधिक हो सकती है जिससे सेहत को कई प्रकार से नुकसान होता है।



### मानसिक रोगों का बढ़ रहा है खतरा

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड से सेहत को किस प्रकार से नुकसान पहुंचता है इस बारे में जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन को सीधे तौर पर अस्थमा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों और कुछ कैंसर से संबंधित पाया गया है।

ऑस्ट्रेलिया स्थित डीकिन यूनिवर्सिटी में फूड एंड मूड सेंटर में शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक मेलिसा लेन कहते हैं, अध्ययन में इस बात के प्रमाण मिले हैं कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फू* सीधे तौर पर मानसिक विकारों को बढ़ा रहे हैं। इस तरह की चीजों का अधिक सेवन करने वाले लोगों में चिंता-तनाव की दिक्कत 53 फीसदी अधिक देखी गई है।

**क्या कहते हैं शोधकर्ता?**

अध्ययन के निष्कर्ष में लेखकों ने बताया बच्चों-युवाओं में जिस तरह से पैक्ड और झटपट तैयार होने वाले पैक्ड फूड् की आदत बढ़ रही है ये गंभीर समस्याकारक है। कम उम्र में मोटापे की बढ़ती समस्या को कई तरह की क्रोनिक बीमारियों का कारक माना जाता है। इससे पहले के अध्ययनों में भी भारतीयों में प्रोसेस्ड फू* खाने की बढ़ती आदतों को लेकर अलर्ट किया जाता रहा है।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड से क्रोनिक बीमारियों का जोखिम

शोधकर्ता कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फू* खाने वालों में टाइप-2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। अध्ययन से पता चलता है कि अन्य लोगों की तुलना में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों का अधिक सेवन करने वालों में हृदय रोग-डायबिटीज के कारण समय से पहले मृत्यु का खतरा भी 20 फीसदी अधिक देखा गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**वृषभ :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

**कर्क :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह :** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**कन्या :** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

**तुला :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। वस्तुएँ संभालकर रखें।

**वृश्चिक :** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**धनु :** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है।

**मकर :** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पार्लर को फेल कर देगा घरेलू स्टाइल पेडीक्योर



गर्मियों में खुली सैंडल पहनने से पैरों में काफी टैनिंग हो जाती है, इसलिए पैरों की देखभाल भी जरूरी है. अगर आप चाहते हैं कि आपके चेहरे की तरह आपके पैर भी चमकें तो इस मौसम में अपने पैरों का पूरा ख्याल रखें. दरअसल, सर्दियों में पैर मोजे और जूतों से ढके रहते हैं, जिस वजह से वे साफ-सुथरे दिखाई पड़ते हैं. लेकिन गर्मियों में धूप और धूल के संपर्क में आने से त्वचा टैन हो जाती है. अगर आप भी खूबसूरत, मुलायम पैर चाहते हैं तो घरेलू स्टाइल पेडीक्योर का तरीका अपनाएं. इससे बार-बार पार्लर जाकर आपको पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है. आइए जानते हैं सिंपल सी टिप्स….

### घरेलू स्टाइल पेडीक्योर का पहला तरीका

घर पर पेडिक्योर करना बहुत आसान है. पैरों को साफ पानी से धोएं, फिर शैम्पू को गर्म पानी के एक बड़े टब में डालें और इसमें 10 मिनट तक अपने पैरों को डालकर बैठ जाएं. इसके बाद इसे थोड़ा रगड़ें और फिर एक अच्छी फुट क्रीम लगाएं.

### दूसरा तरीका

टब में हल्का गर्म पानी लें. उसमें गुलाब की पंखुड़ियां डालें. इसके जगह आप गुलाब जल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके बाद आप इसमें कच्चा दूध और शहद डालें. इसे अच्छे से मिक्स कर लें और इसमें 10 मिनट तक अपने पैरों को सोक करके बैठ जाएं.

### तीसरा तरीका

पेडीक्योर के लिए मुल्तानी मिट्टी भी कमाल की है. टब में हल्का गर्म पानी लें और उसमें मुल्तानी मिट्टी डालें. इसमें आप वाइल्ड हल्दी या नॉर्मल हल्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. अगर आप इसका अच्छा रिजल्ट देखना चाहते हैं, तो इसमें बेकिंग सोडा भी मिला सकते हैं. सब मिक्स करने के बाद इसमें 10 मिनट तक अपने पैरों को डालकर बैठ जाएं.

### स्क्रब से भी त्वचा चमकेगी

सप्ताह में एक बार अपने पैरों को स्क्रब करना न भूलें. इससे टैनिंग दूर हो जाती है और डेड स्किन भी निकल जाती है. खासतौर पर एड़ी के आसपास का हिस्सा काला नहीं पड़ता और फटी एड़ियां भी साफ रहती हैं.

### घर पर फुट स्पा करें

आप चाहें तो बाजार से फुट स्पा मशीन खरीद सकते हैं. इसकी मदद से आप आसानी से घर पर ही स्पा ले सकते हैं. फुट स्पा के लिए आप अपनी पसंद के अनुसार ठंडा या हल्का गर्म पानी ले सकते हैं. आप इसमें थोड़ा सुगंधित तेल भी मिला सकते हैं. यह फुट स्पा के लिए बहुत अच्छा रिजल्ट देगा.

# देसी घी से बनाएं नाइट क्रीम

घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है। आइए आपको इसके इस्तेमाल से होने वाले लाभ के बारे में बताते हैं।

### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से



आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### इंफेक्शन का खतरा होता है कम

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। अगर आप इसका इस्तेमाल हर रोज करेंगे तो चेहरे पर रैशेज और लालिमा की परेशानी भी कम हो जाती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### घर के बाहर सो रही महिला पर पुलिसवालों ने चढ़ाई बोलेरो, गाड़ी में मिली शराब की बोतलें

**बांदा.** बांदा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दरअसल घर के बाहर सो रही एक महिला पर पुलिसवालों ने गाड़ी चढ़ा दी। इससे उसकी मौत हो गई। महिला के कुचलने के बाद गाड़ी दीवार से जा टकराई। इसके बाद पुलिसकर्मी मौके से भागने लगे। इस पर ग्रामीणों ने उन्हें पकड़कर पीट दिया और गाड़ी में तोड़फोड़ की। सूचना पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण पाया। ग्रामीणों पुलिस वाहन का वीडियो बनाया जिसमें शराब और बीयर की बोतलें दिख रही हैं। ये घटना चिल्ला गांव का है। विजय निषाद की पत्नी रज्जन देवी उर्फ रजनी घर के बाहर चबूतरे पर चारपाई डालकर सोई थी। रात करीब साढ़े 11 बजे चिल्ला थाना का सिपाही अजय यादव, जिंतेद्र और अन्य गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस की गाड़ी रफ्तार अधिक होने के कारण अनियंत्रित होकर चबूतरे पर सोई महिला पर चढ़ गई। फिर दीवार से जा टकराई। तेज आवाज सुनकर महिला के बेटे अनिलस सुनिल, सुशील और बेटी राधा समेत अन्य लोग हड़बड़ाकर उठे। जब वह घर के बाहर निकले तो घायल मां को देख चीख पड़े। जब तक परिजन महिला को इलाज के लिए ले जाते इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

### पहले बीवी का रेता गला फिर फांसी लगाकर पति ने की आत्महत्या, बच्चों की निकली चीखें

**सुलतानपुर.** सुलतानपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां गुरुवार को घरेलू कलह के चलते एक शख्स ने बीवी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इस घटना को अंजाम देने के बाद उसने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर में मां-बाप का शव देखकर बच्चों की चीखें निकल गईं। शोर सुनकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। ये घटना कुड़वार क्षेत्र के फिरोजपुर गांव का है। 52 साल का आफाक बकरी खरीदने-बेचने के साथ ही नाई का भी काम करता था। उसके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। जिसमें से एक बेटी की शादी कर चुका है। जानकारी के मुताबिक वह पिछले करीब साल भर परेशान और तनाव में चल रहा था। जिसके चलते आए दिन घर में झगड़ा होता था। गुरुवार को भी किसी बात पर आफाक का पत्नी किस्मत उल निशा से विवाद हो गया। देखते ही देखते उसने पत्नी पर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पत्नी ने दाव से पति को काटा, हमला करने के बाद से फरार, नहीं खुला झगड़े का राज

**बलिया.** बलिया में घरेलू विवाद में बुधवार की सुबह एक महिला ने अपने पति पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी महिला फरार हो गई। घायल अधेड़ को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी रेफर कर दिया। हालांकि घायल की रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। गंगा नदी पार नगर कोतवाली के शिवपुर दियर (पांडे के डेरा) निवासी 55 वर्षीय दीनदयाल पासवान का मंगलवार रात अपनी पत्नी हीरामुनी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बताया जाता है कि पहले पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। गुस्सायी पत्नी ने धारदार हथियार (दाव) से पति के गर्दन पर हमला कर दिया। इससे वह लहुलूहान होकर गिर गया। इसके बाद पत्नी मौके से भाग गई। जानकारी होने के बाद आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने दीनदयाल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# आज 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग

## 2019 में भाजपा 50, कांग्रेस 21 और NDA के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में शुक्रवार (26 अप्रैल) को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी।

पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और NDA के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (ADR) ने 1,192 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 21% यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 390 यानी 33% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 500 से 1,000 रुपए की संपत्ति है।

### 167 कैंडिडेट्स पर हत्या, किडनैपिंग, 21 पर हेट स्पीच का मामला

ADR की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 फीसदी यानी 167 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन पर गंभीर मामले दर्ज हैं। गंभीर मामलों में हत्या, किडनैपिंग जैसे अपराध शामिल होते हैं। 3 उम्मीदवारों पर हत्या और 24 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। 25 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 21 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

### केरल के 3 कैंडिडेट्स पर सबसे ज्यादा क्रिमिनल केस

केरल के भाजपा अध्यक्ष और वायनाड सीट से उम्मीदवार के. सुरेंद्रन पर सबसे ज्यादा 243 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, राज्य की ही एर्नाकुलम सीट से भाजपा कैंडिडेट डॉ. के.एस. राधाकृष्णन पर 211 आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीसरे नंबर पर इडुक्की सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डीन कुरियाकोस पर 88 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति

ADR के मुताबिक, सेकेंड फेज में 1,192 उम्मीदवारों में से 390 यानी 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 5.17 करोड़ रुपए है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 1,000 रुपए की संपत्ति है। महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मण नागोराव पाटिल के पास कुल संपत्ति 500 रुपए है। केरल के कासरगोड़ से राजेश्वरी केआर ने 1000 रुपए और महाराष्ट्र के अमरावती से पृथ्वीसम्राट मुकींद्राव दीपवंश ने 1,000 रुपए की कुल संपत्ति घोषित की है।

### वायु सेना का टोही विमान जैसलमेर में हुआ क्रैश

**जैसलमेर.** जैसलमेर से 30 किमी दूर भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार सुबह 10 बजे के करीब पिथला-जाजिया गांव के पास भोजाणियों की ढाणी के पास हुआ। हालांकि हादसे में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। वायुसेना के अधिकारी क्रैश के कारणों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह यूएवी एयर क्राफ्ट है जो मानव रहित होता है और बॉर्डर एरिया पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के काम आता है। यह बॉर्डर एरिया में लगातार घूमता है और निगरानी करता है। इससे पहले भी ये क्राफ्ट तकनीकी खामी के चलते क्रैश हो चुके हैं। यूएवी टोही विमान एक सैन्य विमान है। इसे इमेजरी इंटेलिजेंस, सिग्नल इंटेलिजेंस, साथ ही अन्य खुफिया जानकारियां जुटाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# PM मोदी-राहुल के चुनावी भाषणों पर EC का नोटिस

- भाषण में नफरत फैलाने का आरोप
- 29 अप्रैल तक जवाब मांगा



**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने गुरुवार को PM नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा गया है। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन 77 के तहत यह नोटिस इश्यू किया है।

आयोग को PM मोदी और राहुल के भाषणों में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। इसमें कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

### PM का भाषण– कांग्रेस आपकी संपत्ति ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी


PM मोदी ने को राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। साथ ही PM ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है।



### राहुल का भाषण- गरीबी बढ़ रही, एक झटके में खत्म कर देंगे

चुनाव प्रचार के दौरान राहुल अलग-अलग जगहों पर गरीबी बढ़ने का दावा कर रहे हैं। राहुल ने 12 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के बस्तर में चुनावी सभा में गरीबी बढ़ने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि 22 लोग भारत के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा अमीर हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो एक झटके में गरीबी खत्म हो जाएगी। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने नीति आयोग की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। ऐसे में राहुल गरीबी बढ़ने का झूठा दावा कर रहे हैं।

# पटना के होटल में आग 6 की मौत, 20 घायल




**पटना.** पटना जंक्शन से 50 मीटर दूर पाल होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग ने आसपास के 3 होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। इसमें 3 महिला और 3 पुरुष हैं। सिटी एसपी सेंट्रल सत्यप्रकाश ने बताया कि घायलों में 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि 20 लोगों का इलाज अभी पटना मेडिकल कॉलेज (PMCH) में चल रहा है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है, कोशिश की जा रही है।

आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की 51 गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया।

आग लगने के कारण पटना स्टेशन जाने वाले रास्ते को बंद किया गया था। बिल्डिंग 4 मंजिला थी। सभी फ्लोर पर आग फैली हुई थी। बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन का भी सहारा लिया गया।

# ED का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

- केजरीवाल की गिरफ्तारी सही
- वे 9 समन का जवाब देने नहीं आए



**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) में दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है। बुधवार (24 अप्रैल) को सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ED ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया।ED ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। साथ ही जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं।

ED ने यह भी कहा कि केजरीवाल को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है। किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है। उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को अरविंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ED से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा था। ED ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। शराब नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने 22 अप्रैल को उनकी याचिका खारिज कर दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल ने AIIMS को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाए ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है।

# संदेशखाली केस में CBI ने पहली FIR दर्ज की

## इसमें 5 मुख्य आरोपी; जमीन हड़पने और यौन शोषण मामले की जांच कर रही है एजेंसी

**कोलकाता.** कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली FIR दर्ज की है। इसमें 5 मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपी कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच CBI को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि CBI कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी।

संदेशखाली की महिलाओं ने 8 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस (TMC) के नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। मामले में 3 आरोपी शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार हिरासत में हैं।

संदेशखाली के लोगों के मुताबिक, शाहजहां के पास सैकड़ों मछली पालन केंद्र, ईंट भट्ठे, सैकड़ों एकड़ जमीन हैं। वो 2 से 4 हजार करोड़ की संपत्ति का मालिक है।


कोरोना के दौरान कथित तौर पर हुए हजारों करोड़ रुपए के राशन घोटाले में ED ने 5 जनवरी को बंगाल में 15 ठिकानों पर छापा मारा था। टीम नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली गांव में शेख शाहजहां और शंकर अध्य के घर भी रेड डालने गई थी। इस दौरान उन पर TMC समर्थकों ने जानलेवा हमला किया था। इसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

आरोप लगाने वाली पीड़ित महिलाओं का कहना है कि शाहजहां शेख जिसे चाहे उसे अपनी हवस का शिकार बनाता था। ED की रेड के बाद वह फरार हो गया था। करीब 55 दिन बाद उसे 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

### कौन है मुख्य आरोपी शाहजहां शेख

आरोपी शाहजहां शेक संदेशखाली में कहां से आया, ये कोई नहीं जानता। 2000-2001 में वो मत्स्य केंद्र में मजदूर था। वह भी सब्जी भी बेचता था। फिर ईंट-भट्ठे पर काम करने लगा। यहीं उसने मजदूरों की यूनियन बनाई। फिर सीपीएम से जुड़ा। सिंगूर और नंदीग्राम आंदोलन में वामदलों की जमीन खिसकी तो 2012 में शाहजहां तृणमूल कांग्रेस के तत्कालीन महासचिव मुकुल रॉय और उत्तर 24 परगना जिले के ताकतवर नेता ज्योतिप्रिय मलिक के सहारे पार्टी से जुड़ गया।

# पंत ने खेला धोनी का सिग्नेचर हेलिकॉप्टर शॉट



- मोहित को लगातार तीन सिक्स लगाए
- नूर के कैच पर कॉन्ट्रोवर्सी हुई

**दि**ल्ली कैपिटल्स ने IPL 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से हराया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 224 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन ही बना सकी।

DC के कप्तान ऋषभ पंत ने 43 बॉल पर 88 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 8 छक्के जमाए। इसमें से एक धोनी के अंदाज में हेलिकॉप्टर शॉट के रूप में निकला। वहीं, पंत ने मोहित शर्मा को लगाता तीन सिक्स भी लगाए।

नूर अहमद ने डाइविंग कैच लेकर पृथ्वी शॉ को पवेलियन का रास्ता दिखाया, इस कारण मैच में विवाद खड़ा हो गया। घटना दिल्ली की इनिंग्स के चौथे ओवर में घटी जब संदीप वॉरियर ने शॉर्ट लेंथ डिलीवरी फेंकी, जिसे शॉ ने डीप स्क्वायर लेग की ओर खेला। वहां फील्डिंग कर रहे नूर अहमद ने सामने की ओर डाइव लगाई और गेंद को जमीन से कुछ इंच ऊपर कैच पूरा किया। ऐसा लग रहा था कि कैच लेते समय बॉल ने ग्राउंड को छुआ है।

ऑन-फील्ड अंपायर ने इसे थर्ड अंपायर की ओर रेफर कर दिया, लेकिन रीप्ले से पता चला कि कैच फील्डर ने सफाई से लिया था। बड़ा स्कोर बनाने का मौका चूक जाने के कारण निराश शॉ को वापस लौटना पड़ा।

दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने सिक्स लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। 18वें ओवर में मोहित शर्मा बॉलिंग करने आए। ओवर की चौथी बॉल पर मोहित ने फुल टॉस फेंकी। इसे पंत ने लॉन्ग ऑन की ओर बाउंड्री के पार पहुंचा दिया।

# इमरान खान की पत्नी बुशरा की जान को खतरा

## प्रवक्ता बोले- खाने में मिलाया गया 'टायलेट क्लीनर'



**इस्लामाबाद.** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके इफ्तार वाले भोजन में 'टायलेट क्लीनर' की दो से तीन बूंदे मिलाई गईं थीं। उन्होंने दावा किया कि क्लीनर कथित तौर पर 24 फरवरी को शब-ए-बारात के दौरान दिए गए भोजन में मिलाया गया था।

जियो न्यूज ने बुशरा बीबी की प्रवक्ता मशाल युसूफजई के हवाले से कहा, ''हमने पाया कि बुशरा बीबी के इफ्तार वाले भोजन में दो से तीन बूंदें 'टायलेट क्लीनर' की मिलाई गई थीं।''उन्होने दावा किया कि उस दिन के खाने के बाद बुशरा की तबीयत खराब हो गई और हर रोज उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले उन्हें रक्तचाप और मधुमेह सहित कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, ''गिरफ्तारी के बाद से बुशरा बीबी की सेहत खराब हो रही हैं, कुछ तो उनके साथ हुआ है।''

बुशरा और इमरान खान की शादी को फरवरी में 'गैर इस्लामिक निकाह' घोषित किए जाने के बाद से वह दो अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिए जाने के बाद से गाला के अपने मकान में कैद हैं।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की सलाहकार यूसुफजई ने सवाल किया कि जब अदालत तीन सप्ताह से अधिकारियों को निर्देश दे रही थी कि बुशरा की चिकित्सा जांच कराई जाए तो उसने ऐसा क्यों नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बुशरा बीबी को इमरान खान की पत्नी होने की वजह से निशाना बनाया जा रहा है।

### आम सूचना

मैं श्रीमती भावना मुरली खियाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 6, बैरक नं. 488-बी, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 11बीआय019018900) उक्त प्रॉपर्टी श्री रमेश द्वारकादास वासवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.3.1996 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती भावना मुरली खियाणी**

### आम सूचना

हम श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 201, 2रा माला, धर्म गंगा निवास, बैरक नं. 37, रुम नं. 1-2, कुंदन काटेज के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय018469900) उक्त प्रॉपर्टी श्री मंगू कंवरमल हरदासाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.3.2022 द्वारा हमने दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट**

### आम सूचना

हम श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट व श्री गोपाल सोहनलाल गेहलोट सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 12, 3रा माला, केसाबाई अपार्टमेंट, रुम नं.8, बैरक नं. 377, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एआय014806700) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रकाश मेवलदास आहूजा व श्रीमती ज्योती प्रकाश आहूजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.2.2015 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट व श्री गोपाल सोहनलाल गेहलोट**

### आम सूचना

मैं श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 4, ग्राऊंड फ्लोर, कुंदन कॉटेज, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय017783800) उक्त प्रॉपर्टी श्री मुकेश सोहनलाल गेहलोट के नाम पर है। मुझे श्री मुकेश सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 5.12.2020 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट**

### आम सूचना

हम श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 405, 4था माला, मथुरा महल, रुम नं. 14,15,16, बैरक नं. 33, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय015803700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कविता संतूमल कुकरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.1.2018 द्वारा हमने दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट**

### आम सूचना

हम श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री गोपाल सोहनलाल गेहलोट सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 1, ग्राऊंड फ्लोर, कुंदर काटेज, शॉप नं. 161, सामने एसईएस हाय स्कूल, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय017783500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कमलादेवी सोहनलाल गेलोथ के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 23.5.2012 द्वारा हमने दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री गोपाल सोहनलाल गेहलोट**

### आम सूचना

हम श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 1, ग्राऊंड फ्लोर, सुनीता अपार्टमेंट, रुम नं. 41-420, ब्लॉक नं. ए-70 सामने मयूर अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय015690000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती भारती परमानंद तलरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.9.2019 द्वारा हमने दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशोर सोहनलाल गेहलोट और श्री अशोक सोहनलाल गेहलोट**

## संक्षेप...

### 2 लापता बच्चों के शव कार के अंदर मिले

**मुंबई.** मध्य मुंबई के एनटॉप हिल इलाके में कई घंटों से लापता दो बच्चे इलाके में खड़ी हुई एक कार के अंदर मृत पाए गए। पुलिस ने गुरुवार को संदेह जताया है कि बच्चों की मौत संभवतः दम घुटने के कारण हुई। पांच साल के मुस्कान मोहब्बत शेख और सात साल के साजिद मोहम्मद शेख बुधवार अपराह्न अपने घर के बाहर खेल रहे थे, जहां यह कार खड़ी थी। जब बच्चे शाम तक घर नहीं लौटे तो उनके माता-पिता ने उनकी तलाश शुरू की। इसके बाद उन्होंने एनटॉप हिल पुलिस थाने में बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई।

# भिवंडी में मेडिसिन खातिर भटक रहे टीबी मरीज

- मेडिसिन के अभाव में मरीजों की जान को खतरा
- टीबी विभाग की लापरवाही उजागर

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी में टीवी बीमारी से पीड़ित हजारों मरीज जरूरी मेडिसिन की खातिर भटक रहे हैं. टीवी विभाग की लापरवाही से हजारों मरीजों की जान खतरे में पड़ गई है. टीबी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रही डा.बुसरा सय्यद शासन से दवा नहीं मिलने का हवाला देते हुए मेडिकल स्टोर से मेडिसिन खरीदी कर मरीज को देने का भरोसा दे रही हैं.

गौरतलब है कि भिवंडी में टीवी विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुल 4,254 मरीज हैं. शासन द्वारा सभी मरीजों को प्रतिमाह मुफ्त मेडिसिन के साथ ही पौष्टिक खानपान के लिए 500 रुपए बैंक खातों के माध्यम से दिए जाते हैं. अधिसंख्यक मरीजों का आरोप है कि, शासन द्वारा मुफ्त दी जाने वाली मेडिसिन 3FDC, 4FDC सहित पैसे की खातिर बारंबार आईजीएम स्थित टीबी विभाग और हेल्थ सेंटर की भागदौड़ करनी पड़ती है. विगत मार्च माह से 3 FDC नामक जरूरी मेडिसिन नहीं मिलने की वजह से कई मरीज गंभीर दशा में टीबी विभाग में मेडिसिन की खातिर मुंह बांधकर खांसते हुए चक्कर काटते दिखाई पड़ते हैं.




टीवी मरीजों की सेवा कार्य में जुटा हुमाना एनजीओ में कार्यरत महिला कर्मी अलीशा शेख ने बताया कि, करीब 2 माह से 3 FDC नामक जरूरी मेडिसिन नहीं मिलने से मरीज दुख भोग रहे हैं. शांतिनगर निवासी टीवी मरीज मुस्कान,हसीबुल निशा ने भी मेडिसिन नहीं मिलने से नाराजगी जताते हुए कहा कि विगत 2 माह से दवा नहीं मिलने से हालत खराब हो गई है.

कई मरीजों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि डा. बुसरा को कार्पोरेशन में प्रभारी मुख्य वैद्यकीय अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज होने से वे काफी बिजी रहती हैं. टीबी विभाग भगवान भरोसे है. वे टीबी विभाग पर कोई ध्यान नहीं देती अपितु बोगस आंकड़ा दिखाकर शासन से भिवंडी में टीवी मरीजों की कमी का अवार्ड लेने में मस्त हैं.

### टीबी मरीजों की जान को बढ़ रहा खतरा

जनहित सामाजिक संस्था ने मुख्यमंत्री, हेल्थ कमिश्नर, पुणे टीबी विभाग को लिखितपत्र भेजकर टीबी विभाग का जिम्मा संभाल रही डा.बुसरा की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाया है.संस्था का आरोप है कि, मनपा में प्रभारी मुख्य वैद्यकीय अधिकारी के पद पर डा.बुसरा करीब 3 वर्ष से कार्यरत हैं.टीबी विभाग पूर्णतया लावारिस है.वे दोनो पदों पर न्याय नहीं कर पा रही हैं.टीबी मरीजों के हित में डा.बुसरा को मनपा से हटाकर टीबी विभाग में ही भेजना चाहिए. टीबी विभाग में वर्षों से चल रहे भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच भी

टीबी विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2015 में 1795 मरीज, 2016 में 1883, 2018 में 3226, 2019 में 4417, 2020 में 3462, 2021में 4476, 2022 में 4525, 2023 में 4254 और 2024 अप्रैल माह तक 1170 मरीज रजिस्टर्ड हैं. शांतिनगर, गुलजार नगर, आजमी नगर,नदीनाका आदि झोपड़पट्टी बहुल एरिया में अधिसंख्य टीबी मरीज चिन्हित हैं.

# डोंबिवली पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर शंकर जाधव की नियुक्ति

- 2024-25 के लिए संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**कल्याण.** डोंबिवली पत्रकार संघ की 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई है। सर्वसम्मति से शंकर जाधव को अध्यक्ष, महावीर बडाला को उपाध्यक्ष, प्रशांत जोशी को सचिव और वासुदेवन मेनन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



पत्रकार संघ के पदाधिकारी प्रशांत जोशी और सोनल सावंत-परब ने संघ की कमान नवनियुक्त अध्यक्ष शंकर जाधव को सौंपी। इस अवसर पर शंकर जाधव ने अध्यक्ष पद संभालने के बाद अपने अगले कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और पत्रकारों के लिए नये उपक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए पत्रकार संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सहयोग का अनुरोध किया। उपाध्यक्ष बडाला, सचिव जोशी ने भी संघ के माध्यम से नई गतिविधियां कैसे शुरू की जा सकती हैं, इस पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान वरिष्ठ फोटोग्राफर जोशी सहित अन्य सदस्यों ने पत्रकारों के लिए कैसे काम किया जाए इस पर अपने विचार व्यक्त किए। पत्रकार संघ के माध्यम से क्या शहर की समस्याओं के समाधान के लिए कुछ किया जा सकता है इन मुद्दों पर भी शंकर जाधव ने प्रकाश डाला।

# दूसरे चरण में महाराष्ट्र की 8 सीटों पर चुनाव

- 204 उम्मीदवार चुनावी मैदान में
- 8 में से 3 सीटों पर शिवसेना Vs शिवसेना के बीच मुकाबला

**मुंबई.** महाराष्ट्र की 8 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण के मतदान के लिए हाई-वोल्टेज प्रचार समाप्त हो चुका है। शुक्रवार (26 अप्रैल) को मतदान के लिए निर्धारित 8 लोकसभा सीटों के लिए कुल 204 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। पश्चिमी विदर्भ में बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, मराठवाड़ा में हिंगोली, नांदेड़ और परभणी लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल (शुक्रवार) को सुबह 7 बजे से




शाम 6 बजे तक 16,589 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे।

### 3 सीटों पर शिवसेना बनाम शिवसेना

अमरावती में सबसे अधिक 37 उम्मीदवार हैं। उसके बाद परभणी (34), हिंगोली (33), वर्धा (24), नांदेड़ (23), बुलढाणा (21), यवतमाल-वाशिम (17) और अकोला (15) हैं। दूसरे चरण में बुलढाणा, यवतमाल-वाशिम और हिंगोली सीटों पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) के बीच आमना-सामना होगा।

बुलढाणा में मौजूदा शिवसेना सांसद प्रतापराव जाधव का मुकाबला सेना (UBT) के नरेंद्र खेडेकर से है। जबकि यवतमाल-वाशिम में शिवसेना ने मौजूदा सांसद भावना ग्वाली को हटा दिया है और पार्टी के हिंगोली सांसद हेमंत पाटिल की पत्नी राजश्री पाटिल को मैदान में उतारा है। वहीं, शिवसेना (UBT) ने संजय देशमुख को यहां से उम्मीदवार बनाया है।

हिंगोली में शिवसेना के मौजूदा सांसद हेमंत पाटिल का टिकट कट गया है। पार्टी ने उनकी जगह बाबूराव को हालिकर को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं परभणी में सत्तारूढ़ 'महायुति' (महागठबंधन) के सहयोगी राष्ट्रीय समाज पक्ष के महादेव जानकर शिवसेना (यूबीटी) के मौजूदा सांसद संजय जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

### प्रकाश अंबेडकर बिगाड़ सकते हैं खेला

संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (VBA) 8 में से 7 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। प्रकाश अंबेडकर खुद अकोला से चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि उनके भाई आनंदराज अंबेडकर अमरावती में गणतंत्र सेना के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं।

### अकोला में त्रिकोणीय मुकाबला

अकोला में बीजेपी के अनुप धोत्रे, कांग्रेस उम्मीदवार अभय पाटिल और प्रकाश अंबेडकर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। अमरावती में मौजूदा निर्दलीय सांसद नवनीत राणा इस बार बीजेपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के बलवंत वानखेड़े से है। दिनेश बब सत्ताधारी गठबंधन सहयोगी प्रहार जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार हैं.

# 14 साल से घरों में सेंधमारी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**कल्याण.** पिछले 14 वर्षों से ठाणे, मुंबई, नवी मुंबई, कल्याण, डोंबिवली इलाकों में घरों में चोरी करने वाले एक चोर को कोलसेवाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस चोर के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने संभावना जताई है कि इस चोर की गिरफ्तारी से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हुई कई वारदातों का खुलासा होगा. आरोपी का नाम रामनिवास उर्फ रामा मंजू गुप्ता (37) है। वह कल्याण पूर्व के खाडेगोलवली इलाके में रहता है। उसे कुछ मामलों में गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार किया था. वह गुजरात पुलिस के चंगुल से भाग निकला था.



कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक दिनकर पगारे को गुप्त सूचना मिली कि एक शातिर चोर, जो पिछले कई वर्षों से ठाणे और मुंबई क्षेत्र में चोरी कर रहा है, कल्याण के पास म्हारल गांव में एक ढाबे पर आ रहा है। तत्काल वरिष्ठ निरीक्षक के. पी. कदम के मार्गदर्शन में एक टीम ने म्हारल गांव क्षेत्र में जाल बिछाया। तय समय पर आरोपी रामा गुप्ता ढाबे पर आया. उस वक्त पुलिस ने किसी फिल्मी थ्रिलर की तरह उसकी पहचान की और गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार होते ही राम ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसकी कोशिश नाकाम रही। रामा के खिलाफ कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में चोरी के चार मामले दर्ज हैं। इसके अलावा विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में चार मामले, मानपाडा पुलिस स्टेशन में तीन मामले, उल्हासनगर में एक मामला, अरनाला पुलिस, जयपुर महेशनगर में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं।

# मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड को मिला टिकट

**मुंबई.** कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट उम्मीदवार बनाया है. वर्षा मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष भी हैं. एनडीए ने अभी तक यहां से उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है. बीजेपी की पूनम महाजन यहां सांसद हैं. महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के तहत ये सीट कांग्रेस के खाते में आई है. उन्हें कांग्रेस ने टिकट देने का फैसला ऐसे समय में किया है जब वर्षा ने सीट शेयरिंग को लेकर असंतोष जताया था.

वर्षा गायकवाड ने कांग्रेस अलाकमान को इसके लिए धन्यवाद देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, "साथ लड़ेंगे और साथ जीतेंगे. ये अवसर देने के लिए मैं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तमाम साथियों का धन्यवाद करती हूं.



मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से टिकट मिलने के बाद कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड ने आगे लिखा, "ये चुनाव भारत के संविधान को बचाने का, देश को बचाने का चुनाव है. हम जी-जान से एकजुट होकर लड़ेंगे और जीतेंगे. हम साथ हैं तो हाथ ये हालात बदल देगा".

दरअसल, मुंबई की साउथ सेंट्रल सीट उद्धव ठाकरे के हिस्से चली गई. इस पर वर्षा गायकवाड बेहद नाराज हो गई थीं. उन्होंने अपनी बात दिल्ली तक पहुंचा दी थी. मुंबई की कुल छह में से केवल दो सीटें ही कांग्रेस के हिस्से में आई.

# पंचायत समिति शहापुर के अंतर्गत एक भी गांव पानी से वंचित नहीं रहें

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे ने दिए निर्देश

**ठाणे.** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे ने शहापूर पंचायत समिती के अंतर्गत ग्रामपचांयत सारमाल व बोरशेती में जाकर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत शुरू ग्रामपंचायत कार्यालय के काम का जायजा लिया। इसके अलावा पंचायत समिती शहापूर में जलजीवन मिशन के तहत शुरू कामकाज की भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ में उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत पंचायत) प्रमोद काले, गट विकास अधिकारी पंचायत समिती शहापूर भास्कर रेंगडे, सहा. गट विकास अधिकारी पंचायत समिती शहापूर राजू भोसले और स्वास्थ्य कर्मचारी, ग्रामसेवक उपस्थित थे।



इसके बाद ग्रामपंचायत गोठेघर ग्रामपंचायत के कामकाज की जानकारी ली और सापगांव नदी के वॉटर फिडीग सेंटर पहुचकर वहां चल रहे कामकाज के गतिविधियों के विषय पर चर्चा की। साथ ही वहां से पानी के लिए आने वाले टैंकर के पानी की शुद्धता व टी. सी. एल प्रमाण व पानी को स्वयं देखा। इसके अलावा उन्होंने सख्त चेतावनी दी की पानी से एक भी आदमी वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेणवा में कामकाज की जानकारी ली।वहां चल रहे जल जीवन मिशन के तहत शुरू पानी के टंकी के चल रहे काम का व्योरा लिया। ग्रामपंचायत बेडीसगांव में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत चल रहे नये ग्रामपंचायत कार्यालय के कामकाज की जानकारी ली।

# संजय दत्त के बाद अब तमन्ना भाटिया को समन

- बेटिंग ऐप पर IPL स्ट्रीमिंग से जुड़ा मामला
- महाराष्ट्र साइबर सेल करेगी पूछताछ

बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त को समन भेजने के दो दिनों बाद महाराष्ट्र साइबर सेल ने अब एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को समन भेजा है। मामला 2023 में महादेव ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग ऐप से संबंधित फेयरप्ले ऐप पर IPL मैच देखने का प्रमोशन करने से जुड़ा हुआ है।

### 29 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा

महाराष्ट्र साइबर सेल ने एक्ट्रेस को 29 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। साइबर सेल के मुताबिक इस मामले में तमन्ना का बयान रिकॉर्ड किया जाएगा। एक्ट्रेस से पूछा जाएगा कि उन्हें फेयरप्ले के लिए किसने संपर्क किया था और इसके लिए उन्हें कितने पैसे मिले।

ANI ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस बारे में जानकारी दी है। तमन्ना भाटिया से पहले 23 अप्रैल को एक्टर संजय दत्त को भी इस मामले में समन भेजा गया था। संजय को जब इस मामले में तलब किया गया तो एक्टर ने कहा कि वो इस वक्त मुंबई में नहीं हैं और दी गई तारीख पर पेश नहीं हो सकते हैं। उन्होंने अपना बयान दर्ज करने के लिए तारीख और समय मांगा है।

इससे पहले इसी मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल ने सिंगर बादशाह, संजय दत्त और जैकलीन फर्नांडीज के मैनेजरों के बयान दर्ज किए थे।



# परोपकार का जीवंत स्वरूप दर्शाता - मानव एकता दिवस

- डोंबिवली में 252 युनिट रक्तदान

**कल्याण.** "निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके; परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है।" उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने दिल्ली में 24 अप्रैल को 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में डोंबिवली परिक्षेत्र में कुल 16 स्थानों पर तथा मुंबई, ठाणे एवं पालघर इलाकों में करीब 62 स्थानों पर विशेष सत्संग समारोहों का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर बाबा गुरबचन सिंह जी के बहुआयामी दिव्य जीवन से प्रेरणा प्राप्त की ।



### देशभर में करीब 50 हजार यूनिट रक्तदान

संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया।

इस विशाल रक्तदान अभियान के अंतर्गत मुंबई महानगर प्रदेश में डोंबिवली, चेंबूर एवं नालासोपारा में तीन भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किए गए जिसमें कुल 937 निरंकारी भक्तों ने स्वैच्छिक भाव से अत्यंत उत्साहपूर्वक रक्तदान किया ।

संत निरंकारी सत्संग भवन, मोठा गाव, डोंबिवली में आयोजित शिविर में 252 निरंकारी भक्तों ने रक्तदान किया जिसका संकलन जे.जे. महानगर रक्तपेढी द्वारा किया गया. संत निरंकारी सत्संग भवन, माहुल रोड, चेंबूर में आयोजित रक्तदान शिविर में जे.जे.महानगर रक्तपेढी द्वारा 100 युनिट एवं संत निरंकारी रक्तपेढी द्वारा 92 युनिट रक्त संकलित किया गया जबकि संत निरंकारी सत्संग भवन, नालासोपारा में आयोजित शिविर में नायर अस्पताल द्वारा 166 युनिट, सेंट जॉर्ज अस्पताल द्वारा 106 युनिट, जगजीवनराम अस्पताल द्वारा 135 यूनिट एवं जे.जे.अस्पताल द्वारा 86 युनिट रक्त संकलित किया गया ।

# एसी लोकल में दम घुटने से महिला बेहोश

- एयर कंडीशनिंग सिस्टम में खराबी

**कल्याण.** कल्याण से सीएसएमटी जाने वाली एसी लोकल में एसी सिस्टम खराब होने के कारण के कारण दम घुटने से एक महिला यात्री बेहोश हो गई. सहयात्रियों ने उसका प्राथमिक उपचार किया. जिसके बाद महिला को होश आया।

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है. इसमें कई यात्री सुखद यात्रा के लिए महंगी एसी लोकल ट्रेनों में



यात्रा करते हैं। लेकिन इस एसी लोकल में भी यात्रियों को भीड़ और पसीने का सामना करते हुए सफर करना पड़ता है. एसी लोकल में दरवाजे बंद होने के कारण बाहर की हवा अंदर नहीं आती। ऐसे में एसी बंद होने पर यात्रियों का दम घुटता है. मंगलवार को एसी लोकल में एसी बंद होने से महिला यात्री चक्कर आ गया और वह बेहोश हो गई. यात्रियों ने तुरंत उसका प्राथमिक उपचार किया. तब महिला को होश आया। यह सब सुबह 8.54 बजे कल्याण से सीएसएमटी के लिए रवाना होने वाली एसी लोकल ट्रेन में हुआ।

इस ट्रेन के 7052 सी डिब्बे में एयर कंडीशनिंग सिस्टम खराब हो गया है. यात्रियों ने सोशल मीडिया के जरिए रेलवे प्रशासन से इस एयर कंडीशनिंग सिस्टम को तुरंत ठीक कराने की शिकायत की है. लेकिन ऐसा लगता है कि प्रशासन इसे नजरअंदाज कर रहा है और कोई संज्ञान नहीं ले रहा है.

रेलवे का यह कर्तव्य है कि वह रोजाना चेक करे कि एसी लोकल ट्रेन का सिस्टम ठीक है या नहीं। यदि किसी कारण से सिस्टम बंद हो जाता है तो 'एसी' उपनगरीय ट्रेनों को दरवाजे खुले रखकर चलाया जाना चाहिए। क्या दरवाजे बंद होने पर यात्रियों का दम घुट जाना चाहिए? यह नाराजगी भरा सवाल यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से पूछा है.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099